# भारत की समुद्री मछली उत्पादन में बड़ी छलांग

## 2020-21 के 34.76 लाख टन से बढ़कर 2023-24 में 44.95 लाख टन उत्पादन

**नई दिल्ली, 21 अगस्त.भारत में समुद्री मछली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है. 2020-21 में जहाँ उत्पादन 34.76 लाख टन था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 44.95 लाख टन हो गया. औसतन वार्षिक वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रही. यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने बुधवार को संसद में दी.**



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में आंके गए 135 समुद्री मछली संसाधनों में से 91.1 प्रतिशत सतत पाए गए. आईसीएआर के विभिन्न अनुसंधान संस्थान जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का आकलन कर रहे हैं और जलवायु-सहिष्णु मत्स्य एवं जलीय कृषि रणनीतियाँ विकसित कर रहे हैं. राष्ट्रीय नवाचार जलवायु-सहिष्णु कृषि कार्यक्रम के तहत असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और केरल में आर्द्रभूमि मत्स्यपालन पर अध्ययन किए जा रहे हैं. समुद्री क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग, मछली पकड़ने के अनुमान, समुद्री खेती , महासागर अम्लीकरण, ब्लू कार्बन अध्ययन और अनुकूल प्रबंधन पर शोध चल रहा है. मत्स्य समुदायों को जलवायु प्रभावों के प्रति तैयार करने के लिए ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल और केरल में जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं.

सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना जलवायु अनुकूलन और शमन में अहम भूमिका निभा रही है. योजना के तहत सतत मत्स्य पालन, पर्यावरण-अनुकूल जलीय कृषि और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है. कृत्रिम रीफ और सी-रैंचिंग कार्यक्रम इसके बड़े पारिस्थितिकीय प्रयासों में शामिल हैं. पीएमएमएसवाई के तहत 100 तटीय मछुआरा गांवों को जलवायु-सहिष्णु और आर्थिक रूप से सक्षम केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है. प्रत्येक गांव पर केंद्र सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है. इसके अलावा, योजना के अंतर्गत 58 मत्स्य बंदरगाह और लैंडिंग सेंटर 3,281.31 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किए गए हैं. साथ ही कोल्ड स्टोरेज, फिश रिटेल व थोक बाजार, मूल्य संवर्धन इकाइयाँ और कटाई के बाद परिवहन सुविधाओं का भी विस्तार हो रहा है.

> मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अपनी नेटफिश पहल के माध्यम से 2007 से अब तक 45,500 से अधिक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनसे करीब 15 लाख हितधारक जुड़े. इन उपायों से कटाई के बाद होने वाले नुकसान कम हुए, समुद्री खाद्य की गुणवत्ता में सुधार हुआ, मछुआरों की आय बढ़ी और भारतीय समुद्री निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत हुई है.

## 2030 तक 1.9 ट्रिलियन डॉलर छुएगा खुदरा बाजार

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त.** भारत का खुदरा क्षेत्र 2030 तक लगभग 1,930 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है. इस क्षेत्र के सालाना 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है. डेलॉयट-फिक्की की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है. इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह देश का मजबूत घरेलू बाजार है, जो वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव से भारत को बचाने में मदद करता है.रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के खुदरा और उपभोक्ता क्षेत्र में बड़ा बदलाव आ रहा है. देश में घरेलू खरीदारी बढ़ रही है, डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल तेजी से हो रहा है, लोग महंगे और बेहतर उत्पादों की ओर बढ़ रहे हैं तथा शहरों के साथ-साथ छोटे और नए बाजारों में ई-कॉमर्स का विस्तार हो रहा है.




# विक्रम सोलर का आईपीओ खुला

**आईपीओ में 1,500 करोड़ तक के नए शेयर**

**1.74 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल**

**मुंबई, 13 अगस्त 2025= विक्रम सोलर लिमिटेड ने अपने पहले आईपीओ के लिए प्रति शेयर 315 से 332 का प्राइस बैंड तय किया है. निमकी फेस बैल्यू 10 है.**

कंपनी की इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ या ऑफर) 19 अगस्त 2025, मंगलवार को खुल गया है और 21 अगस्त 2025. गुरुवार को बंद होगा. निवेशक कम से कम 45 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 45 के मल्टीपन में बोली बड़ा सकते हैं. आईपीओ 1500 करोड़ तक के नई शेयरों और प्रमोटर व प्रमोटर ग्रुप थे 1,74,50,882 शेयरों के ऑफर फॉर सेल का मिक्स है. इसमें कर्मचारियों के लिए एक रिजर्व हिस्सा भी है. नए शेयरों से मिली राशि में से 769.73 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपनी पूर्ण स्वामित्व बाली सहायक कंपनी, वीएसएल ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड में फेज-न प्रोजेक्ट के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर की पार्शियल फंडिंग के लिए होगा. 595.21 करोड़ फेज-II प्रोजेक्ट के लिए और बाकी सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए है. विक्रम सोलर ने 2009 में 12 मेगावाट की सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता के साथ काम शुरू किया था, जो अब बढ़कर 4.5 गीगावाट हो गई है.

यह भारत के सबसे बड़े सोलर फोटो-वोल्टेइक (पीवी) मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, जिसके पास 17 साल से ज्यादा का अनुभव है. 31 मार्च 2025 तक, इसके पास 4.5 गीगावाट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता है और यह भारत में सबसे बड़े प्योर-प्ले मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर्स में से एक है. मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी के अप्रूव्ड लिस्ट ऑफ मॉडयून्ना एंड मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार, 30 जून 2025 तक इसकी निस्टेट क्षमता 2.85 गीगावाट है.

कंपनी को 2014 की पहली तिमाही में ब्लूमबर्ग एनइएफ ने टियर 1 मैन्युफैक्चरर के रूप में शामिल किया था, और इसके बाद इसे कई बार इस सूची में जगह मिली. सबसे भेटेस्ट 2025 की पहली तिमाही में कंपनी इस लिस्ट में शामिल हुई थी. इसके अलावा, मई 2025 में इसे प्रतिष्ठित यूपीडी टॉप ब्रांड पीबी सील भी मिला. कंपनी के पास पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में दी सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी हैं.

> कंपनी के प्रमुख घरेलू ग्राहकों में बड़े सरकारी संगठन जैसे नेशनल धर्मल पावर कॉरपोरेशन, नेवेली लिग्राइट कॉरपोरेशन लिमिटेड, और गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड शामिल हैं . इसके अलावा, बड़े निजी स्वतंत्र बिजली उत्पादक ( आईपीपी ) जैसे एक्मे क्लीनटेक सॉल्यूशंस, अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, एएमपी एनर्जी ट्रांजिशन, अजूर पावर इंडिया, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, फर्स्ट एनर्जी 7, और रेज पावर इंशा जैसी कंपनियां भी इसके ग्राहक हैं . विश्म सोलर की ऑपरेशनल आय 2024 में 2 .510 .99 करोड़ से बढ़नार 2025 में 3,423 .45 करोड़ हो गई, जो 36 .34 की वृद्धि है . यह मुख्य रूप में घरेलू बाजार में मॉडयूल बिक्री की मात्रा बढ़ने के कारण हुआ . टैक्स के बाद का मुनाफा 2024 में 79 .72 करोड़ से बढ़कर 2025 में 139 .83 करोड़ हो गया, यामी 75 .41% की वृद्धि .

# यूपीआई लेनदेन में जबरदस्त उछाल : रिपोर्ट

## जनवरी से अगस्त तक एवरेज डेली वैल्यू 75,743 करोड़ से बढ़कर 90,446 करोड़

**नई दिल्ली, 20 अगस्त. यूपीआई ट्रांजैक्शन में लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है. इसी के साथ एवरेज डेली वैल्यू इस वर्ष जनवरी के 75,743 करोड़ रुपए से बढ़कर अगस्त में 90,446 करोड़ रुपए दर्ज की गई है, जिसमें एसबीआई 5.2 अरब ट्रांजैक्शन के साथ शीर्ष प्रेषक सदस्य रहा.**




यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई.एसबीआई रिसर्च के अनुसार, अकेले जुलाई में 9.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र डिजिटल पेमेंट में अग्रणी रहा, उसके बाद 5.5 प्रतिशत के साथ कर्नाटक और 5.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश का स्थान रहा. रिपोर्ट में कहा गया है, कुल वैल्यू ट्रांजैक्शन में पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) ट्रांजैक्शन की हिस्सेदारी जून 2020 में 13 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2025 में 29 प्रतिशत हो गई है. इसी अवधि के दौरान, मात्रा के हिसाब से हिस्सेदारी 39 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गई है, जो डिजिटल पेमेंट और वित्तीय समावेशन में मजबूत वृद्धि को दर्शाता है.यूपीआई के नेतृत्व में डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़ रहे हैं, जो कैश इन सर्कुलेशन (सीआईसी) की संख्या से कहीं ज्यादा है.

अप्रैल-जुलाई 2025 के दौरान मंथली एवरेज यूपीआई ट्रांजैक्शन 24,554 अरब रुपए है, जबकि सीआईसी की मंथली एवरेज वृद्धि 193 अरब रुपए है. पैसे की खुदरा मांग में, मूल्य में यूपीआई की हिस्सेदारी नवंबर 2019 में 40 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी 2021 में 62 प्रतिशत और मई 2025 में 91 प्रतिशत हो गई है.

यह स्पष्ट संकेत है कि लोग नकदी की जगह यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं.लगभग 300 प्रमुख मर्चेंट कैटेगरी कोड (एमसीसी) हैं और एनपीसीआई ने 29 प्रमुख एमसीसी के साथ शुरुआत की.

> रिपोर्ट में कहा गया है, एनपीसीआई ने सराहनीय काम किया है, लेकिन हमारा मानना है कि एनपीसीआई को कम से कम 100 प्रमुख एमसीसी का डेटा देना चाहिए .जुलाई 2025 में टॉप 15 मर्चेंट कैटेगरी अकाउंट का लेनदेन मात्रा के हिसाब से 70 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 47 प्रतिशत रहा .किराने का सामान ट्रांजैक्शन का 24 .3 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 8 .8 प्रतिशत रहा, जबकि डेट कलेक्शन एजेंसी कैटेगरी मूल्य के हिसाब से 12 .8 प्रतिशत और मात्रा के हिसाब से केवल 1 .3 प्रतिशत रही .रिपोर्ट में कहा गया है, डेट कलेक्शन एजेंसी कैटेगरी ट्रांजैक्शन अप्रैल 2025 के 80,789 करोड़ रुपए से बढ़कर जुलाई 2025 में 93,857 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि टिकट साइज 5,952 करोड़ रुपए से घटकर 5,817 करोड़ रुपए हो गया है .

# जुलाई में म्यूचुअल फंड निवेश ने बनाए रिकॉर्ड



**कोलकाता, 20 अगस्त . भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ने जुलाई 2025 में निवेश प्रवाह के मामले में कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं. आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह उछाल संरचनात्मक, आर्थिक और निवेशकों के व्यवहार संबंधी कारणों का परिणाम है.**

रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेशकों का भरोसा विशेषकर इक्विटी बाजार में बढ़ा है, जहाँ जोखिम लेने की क्षमता में तेजी से सुधार हुआ है. इसका असर सेक्टोरल/थीमैटिक, फ्लेक्सी कैप, स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंड्स में रिकॉर्ड निवेश के रूप में सामने आया है.

छोटे शहरों से भागीदारी में वृद्धि देखी गई है, जिसका श्रेय वित्तीय साक्षरता और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की आसान उपलब्धता को जाता है. मैक्रोइकोनॉमिक मोर्चे पर, मजबूत बुनियादी ढांचे और 100 बेसिस पॉइंट सीआरआर कटौती की संभावना ने शॉर्ट-ड्यूरेशन इंस्ट्रूमेंट्स में डेब्ट फंड्स के प्रवाह को बढ़ावा दिया. रिपोर्ट के अनुसार, उत्पादों का विविधीकरण—इक्विटी, डेब्ट, हाइब्रिड और पैसिव फंड्स—ने विभिन्न जोखिम प्रोफाइल वाले निवेशकों को आकर्षित किया.

इसके चलते एसेट अंडर मैनेजमेंट बढ़कर ?75.36 लाख करोड़ हो गया, जो जून की तुलना में 1.28 प्रतिशत अधिक है. जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में 81.04 प्रतिशत मासिक उछाल दर्ज किया गया और शुद्ध निवेश प्रवाह ?42,702 करोड़ तक पहुँचा. डेब्ट फंड्स में भी मजबूती रही और 1.07 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित हुआ.

## वर्कडे के थर्ड-पार्टी डेटाबेस में बड़ा डेटा उल्लंघन

**नई दिल्ली.** एचआर और फाइनेंस क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वर्कडे ने अपने थर्ड-पार्टी डेटाबेस से जुड़े एक बड़े डेटा उल्लंघन की पुष्टि की है. कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित ब्लॉग पोस्ट में यह जानकारी दी.रिपोर्ट के अनुसार, साइबर हमलावरों ने कंपनी के थर्ड-पार्टी कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया. इस दौरान हैकर्स ने संवेदनशील जानकारी, जैसे नाम, ईमेल पते और अन्य संपर्क विवरण चुरा लिए. वर्कडे ने अपने ब्लॉग में लिखा, हाल ही में हमने पाया कि वर्कडे को निशाना बनाया गया और हमलावर हमारे थर्ड-पार्टी ष्टक्रू प्लेटफॉर्म से संबंधित कुछ जानकारी तक पहुँचने में सफल रहे. हालांकि ग्राहक टेनेंट्स या उनके भीतर के डेटा तक पहुँच का कोई सबूत नहीं है. हमने तुरंत एक्सेस को बंद कर दिया और भविष्य में ऐसे मामलों से बचाव के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय जोड़े हैं.

# चीन पर निर्भरता भारत के लिए खतरा



**नयी दिल्ली, 20 अगस्त. भारत को दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के निर्यात पर पाबंदियों में ढील देने का चीन का फैसला एक सकारात्मक संकेत है.**

हालांकि भारत को पड़ोसी देश पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए काम करना चाहिए जिसके साथ उसका 100 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा चिंताजनक है.

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने बुधवार को यह बात कही.ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है. भारत के दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक आयात में इसकी हिस्सेदारी 57.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि मशीनरी एवं हार्डवेयर में यह 44 प्रतिशत है. रसायन एवं दवा के आयात में 28.3 प्रतिशत के साथ यह दूसरे स्थान पर रहा.

भारत के लिए एकमात्र वास्तविक सुरक्षा उपाय, निर्भरता कम करके, गहन विनिर्माण में निवेश करके और एक सच्चा उत्पाद राष्ट्र बनकर घरेलू स्तर पर मजबूती बनाना है.आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा,एक मजबूत एवं अधिक आत्मनिर्भर भारत, चीन के साथ समान स्तर पर बातचीत करने में बेहतर स्थिति में होगा.

## पंचायत चुनाव में क्या बदलेगी हाथी की किस्मत

**लखनऊ .** उप की राजनीति बड़े सवाल से जूझ रही है- क्या बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने पारंपरिक दलित वोट बैंक को फिर से एकजुट कर पाएँगी, या उनकी राजनीतिक ताक़त का ग्राफ और नीचे खिसकेगा? चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती भारतीय राजनीति की उन गिनी-चुनी महिला नेताओं में हैं जिन्होंने केवल सत्ता ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक समीकरण गढ़ने का हुनर भी दिखाया .

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व मे मेरा नाम SHAHNAZ ANJUM था। जिसे बदलकर अब अपना नाम SHAHNAZ ANJUM SHEIKH कर लिया है। अतः भविष्य मे मुझे SHAHNAZ ANJUM SHEIKH W/o ABDUL SADIK SHEKH के नाम से जाना जावे।

सही नाम : शहनाज अजुंम शेख (SHAHNAZ ANJUM SHEIKH)

पता : वार्ड नं. 3, बालाघाट (म.प्र.)

## आम सूचना

**(फ्लैट नं. जी-1, अमनोल होम्स, प्लाट नं. 53, गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा, भोपाल के संबंध में)**

मैं अपने पक्षकार श्री किशोर बहादुर पुत्र श्री वीर सिंह आयु वयस्क, निवासी- फ्लैट नं. जी-1, अनमोल होम्स, गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा, भोपाल म.प्र. की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार एवं उनकी बहन श्रीमती शकुंतला थापा पत्नि श्री एस.बी. थापा द्वारा संयुक्त रूप से एक किता फ्लैट नं. जी-1 अनमोल होम्स, प्लाट नं. 53, गोविंद गार्डन गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) को दिनांक 25/04/2023 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था. मेरे पक्षकार की बहन श्रीमती शकुंतला थापा का देहांत दिनांक 09/12/2009 को हो गया है तथा श्रीमती शकुंतला थापा के पति श्री एस.बी. थापा का देहांत पूर्व में दिनांक 17/08/1996 को हो गया है. श्रीमती शकुंतला व उनके पति के देहांत के पश्चात उनका कोई भी वैध संतान, वारिस, उत्तराधिकारी नहीं है, जिसके आधार पर मेरा पक्षकार ही वर्तमान में उक्त फ्लैट के संपूर्ण भाग का एकमात्र स्वामी व आधिपत्यधारी है और मेरा पक्षकार उक्त फ्लैट को विक्रय, दान, बंधक, अनुबंध आदि करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र है.

यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म शासकीय अर्धशासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें. समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करने हेतु स्वतंत्र होगा.

**भोपाल**
**दिनांक 19.08.2025**

**भवदीय**
**मुकेश कुमार सिंह**
**अधिवक्ता**
**कार्या.- एम.आई.जी. 94**
**कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल म.प्र.**
**मो. 8839749078**

# कौन लेगा राधाकृष्णन की जगह?

**मुंबई. भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सिंतबर को चुनाव होना है. इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने गत रविवार शाम को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार घोषित किया. अब सबकी निगाहें विपक्ष की ओर टिकी हुई हैं.**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भी इस चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है. पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हुआ था. जिसके बाद नए उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार के लिए मंथन जारी था, जो सीपी राधाकृष्णन का नाम सामने आने के बाद पूरा हुआ. लेकिन भाजपा की एक तलाश खत्म होते ही दूसरी खोज शुरू हो गई है. सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल है. 21 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरने से पहले उन्हें राज्यपाल के पद से इस्तीफा देना होगा. इससे महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद खाली हो जाएगा. ऐसे में भाजपा और एनडीए गठबंधन में अब राज्यपाल के लिए नए चेहरे की तलाश करनी होगी. वैसे पूरे देश में संघ की अच्छी पकड़ है, लेकिन महाराष्ट्र संघ के लिए खास है. क्योंकि इसका मुख्यालय नागपुर में है.

## केस्को को डिजिटल समाधान प्रदान करेगी टीसीएस

**मुंबई, 20 अगस्त.** टाटा समूह की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को फिनलैंड के रिटेल समूह केस्को ने रणनीतिक साझेदार के रूप में चुना है. टीसीएस ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे नॉर्डिक्स और बाल्टिक्स इलाकों में केस्को की कोर प्रौद्योगिकी में आमूलचूल बदलाव करने की जिम्मेदारी मिली है. इस साझेदारी से केस्को को अपने परिचालन को आधुनिक बनाने, कारोबार को मजबूत बनाने और दीर्घावधि विकास को गति देने में मदद मिलेगी.


## राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

(समविश्वविद्यालय, विशिष्ट श्रेणी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002 (म.प्र.), वेबसाइट : www.nitttrbpl.ac.in

विभिन्न स्कूल/विभाग के अंतर्गत शिक्षार्थी केंद्रित पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सेवारत शिक्षकों, कार्यरत पेशेवरों / उद्योग कर्मियों एवं उत्साही शिक्षार्थियों जो भविष्य में नेतृत्व प्रदान कर सके, से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**पीजी प्रवेश**

**एमबीए**

| | |
|---|---|
| स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट) |

**एम.टेक और एम.एससी.**

| स्कूल | प्रोगाम विशेषज्ञता |
|---|---|
| स्कूल ऑफ साइंस | एम.एससी. बायोफार्मास्युटिकल साइंस |
| | एम.एससी. फिजिक्स (सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी) |
| स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | एम.टेक. ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट |
| | एम.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (बिग डेटा एनालिटिक्स) |
| | एम.टेक. ग्रीन टेक्नोलॉजी |
| | एम.टेक. वीएलएसआई एवं माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स |
| | एम.टेक. कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन मैन्युफैक्चर एंड ऑटोमेशन |

❖ सभी पीजी कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण में आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय हैं और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल के विकास हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से एकीकृत हैं।

- आरक्षण भारत सरकार के मानदंडो के अनुसार।
- महत्वपूर्ण जानकारी, निर्देश, तिथि एवं आवेदन आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बेवसाइट www.nitttrbpl.ac.in को नियमित रूप से देखें।
- प्रश्न/जानकारी के लिए कॉल करें मो. 8005725558, 9424614502

**निदेशक**



## नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

एन एफ एल NFL A Navratna Company

(भारत सरकार का उपक्रम)

A-A/2] कार्यालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल पिन- 462023(M.P.)

मोबाइल नंबर 9314397368, 9308602193

**भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित बीज प्रसंस्करण इकाइयों से मध्य प्रदेश राज्य में रबी-2025-26 में विपणन के लिए गेहूं के नए प्रमाणित बीजों की आपूर्ति के लिए ई-निविदा आमंत्रित करने संबंधित सूचना।**

ई- निविदाओं को जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक **01.09.2025 को 15.00 बजे** तक है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.nationalfertilizers.com & www.etenders.gov.in/eprocure/app** वेबसाइट देखें।

किसी भी शुद्धिपत्र / संशोधन को केवल एनएफएल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**आंचलिक प्रबंधक, भोपाल**


## ADITYA BIRLA CAPITAL — आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड

PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयान कंपाउंड, वेरावल, गुजरात - 362 266.
कॉर्पोरेट कार्यालयः 12वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलॉन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-400 063, महाराष्ट्र.

### मांग नोटिस

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए**

आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच दिनांक 11.03.2024 की समामेलन योजना के तहत समामेलन के कारण, जिसे राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण - अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पारित आदेश में विधिवत दर्ज किया गया है, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उल्लिखित बंधक संपत्ति के संबंध में शुरू की गई सभी SARFAESI कार्रवाइयां, समामेलित कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित हो जाती हैं।

तदनुसार, अधिनियम के तहत आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। नीचे हस्ताक्षरकर्ता का उचित रूप से मानना है कि उधारकर्ता डिमांड नोटिस की सेवा से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस की सेवा चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत की गई हैः

उपर्युक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को नोटिस दिया जाता है कि वे संबंधित नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर, उनके संबंधित नामों के सामने नीचे दर्शाई गई राशि, साथ ही नीचे कॉलम (घ) में उल्लिखित संबंधित तिथियों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक, उधारकर्ता द्वारा निष्पादित ऋण समझौते और अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़े जाने तक, अतिरिक्त ब्याज का भुगतान एबीसीएल को करें। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित परिसंपत्तियाँ क्रमशः उधारकर्ता द्वारा एबीसीएल को गिरवी रखी गई हैं।

| प्र. क्र. | उधारकर्ता का नाम और पता | डिमांड नोटिस की तिथि और एनपीए की तिथिं | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. मेसर्स लकी एजेंसी, इसके स्वामी श्री सफीर कुरैशी के माध्यम से, दुकान संख्या 4, मेन रोड, तलियाचौक, बैरसिया-463106। इसके अतिरिक्त, 1058.00 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला एक व्यावसायिक सह आवासीय भवन, रेंज चौराहा से शिवाजी चौक तक, नगरपालिका वार्ड संख्या 13, ग्राम शेरपुरा, बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, पिन कोड-463106 पर स्थित है।<br>2. श्री सफीर कुरैशी, सोहेल, 45, अम्बेडकर, 11 कटरापुरा मार्ग, बैरसिया, भोपाल, मध्य प्रदेश 463106. मोबाइल-9827767494 ईमेल आईडी-Sheikhsafi94@gmail.com इसके अलावा वाणिज्यिक सह आवासीय भवन, जिसमें 1058.00 वर्ग फुट शामिल है, रेंज चौराहा से शिवाजी चौक, नगर निगम वार्ड नंबर 13, ग्राम शेरपुरा, बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, पिनकोड-463106 पर स्थित है।<br>3. श्री सोहेल कुरेशी पुत्र एस.एन.कुरैशी, 45, अम्बेडकर, 11 कटरापुरा मार्ग, बैरसिया, भोपाल, मध्य प्रदेश 463106 मोबाइल-8962694145 इसके अलावा वाणिज्यिक सह आवासीय घर में, 1058.00 वर्ग फुट हैं। रेंज चौराहा से शिवाजी चौक, नगर निगम वार्ड क्रमांक 13, ग्राम शेरपुरा, बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, पिनकोड-463106 पर स्थित है।<br>4. रूबीना सुल्तान, पत्नी। सोहेल कुरैशी, वार्ड 11, शेरपुरा, बैरसिया, भोपाल, मध्य प्रदेश, 463106। मोबाइल 9977027799। इसके अलावा, 1058.00 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाला व्यावसायिक एवं आवासीय भवन भी उपलब्ध है। यह रंगे चौराहा से शिवाजी चौक तक स्थित है। नगर निगम वार्ड क्रमांक 13, ग्राम शेरपुरा, बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, पिन कोड-463106। ऋण खाता संख्या ABBHOSTS000000667165 | 08.08.2025 और 03.08.2025<br>**कुल ओ/एस. बकाया राशि**<br>रू. 21,71,201.66 09.04.2025 तक | वाणिज्यिक सह आवासीय भवन, जिसका क्षेत्रफल 1058.00 वर्ग फुट है, रेंज चौराहा से शिवाजी चौक, नगरपालिका वार्ड क्रमांक 13, ग्राम शेरपुरा, बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः मुख्य सड़क, पश्चिमः गली, उत्तरः श्री हबी शेर का मकान, दक्षिणः श्री दामोदर प्रसाद का मकान। |

अतिरिक्त ब्याज के साथ, ऊपर उल्लिखित संबंधित मांग नोटिस में विशेष रूप से बताई गई दर पर अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/या वसूली की तिथि तक हुए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। यदि उक्त उधारकर्ता एबीसीएल को पूर्वोक्त अनुसार भुगतान करने में विफल रहता है, तो एबीसीएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति(ओं)/अचल संपत्ति(यों) के खिलाफ पूरी तरह से उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि(ओं) के जोखिम पर लागत और परिणामों के संबंध में आगे बढ़ेगा।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि(ओं) को उक्त अधिनियम के तहत एबीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति(ओं)/अचल संपत्ति(यों) को हस्तांतरित करने की मनाही है। कृपया ध्यान दें कि यह धारा के तहत अंतिम नोटिस है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) के अनुसार, एबीसीएल को उधारकर्ता(ओं) के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित किसी भी या सभी अधिकारों का प्रयोग पूरी तरह से उनके जोखिम, जिम्मेदारी और लागत पर करने का अधिकार है।

**स्थानः भोपाल, मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 21.08.2025**

**एसडी/-**
**अधिकृत अधिकारी**
**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**

## JANA SMALL FINANCE BANK

(A Scheduled Commercial Bank)

**पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लघट्टा, बैंगलोर-560071।**

**शाखा कार्यालयः प्लॉट नं.131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011.**

### सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस

जबकि आप, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ताओं ने अपनी अचल संपत्तियों को गिरवी रखकर जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड से ऋण लिया है। आप सभी द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड, अधिनियम के तहत एक सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकता/गारंटर/बंधककर्ताओं को नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को उस पर भविष्य के ब्याज सहित चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया है, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस नहीं दिया जा सका।

| सं. क्र. | उधारकर्ता का नाम/ सह-उधारकर्ता/गारंटर/ बंधककर्ता | ऋण खाता संख्या और ऋण राशि | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग नोटिस की तिथि | देय राशि रुपये में/दिनांक तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) श्री नरेश पुरी गोस्वामी, पुत्र इमरत गोस्वामी,<br>2) श्री कमलेश पुरी गोस्वामी, पुत्र इमारात पुरी गोस्वामी | ऋण खाता सं. 32229420000242 32229410000124 ऋण राशिः ₹12,10,000/- | अचल संपत्तिः सर्वेक्षण भाग वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा संख्या 182/1/1, कुल क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट (139.40 वर्ग मीटर), निर्माण सहित, वार्ड संख्या 20 गौतम वार्ड, ग्राम पादरखेड़ी, पुलिस चौकी संख्या 22, नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर, विकास खंड राघौगढ़, तहसील राघौगढ़ एवं जिला गुना (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है। पूर्व में उर्मिलाबाई, पत्नी गोपाल गिरी का प्लॉट, पश्चिम में सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि, उत्तर में सड़क और दक्षिण में नरेश पुरी गोस्वामी का अन्य प्लॉट। | 01-08-2025 और 18-08-2025 | रू. 12,32,132.62 (रुपये बारह लाख बत्तीस हजार एक सौ बत्तीस बासठ पैसे मात्र) 10-08-2025 तक |

इसलिए, कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और बंधककर्ता को नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे कॉलम संख्या 6 में दर्शाई गई कुल राशि का भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर सभी संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं के विरुद्ध करने का आह्वान किया जाता है, क्योंकि उक्त राशि कॉलम संख्या 6 में दर्शाई गई तिथि को संबंधित ऋण खाते के संबंध में देय पाई जाती है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि भविष्य के ब्याज और अन्य राशियों सहित कुल राशि, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती है, का भुगतान नहीं किया जाता है, तो जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड कॉलम संख्या 4 में वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को कानून के तहत उक्त वित्तीय परिसंपत्तियों के उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककताओं के विरुद्ध उपलब्ध अधिकारों और उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किया गया है। आपसे यह भी अनुरोध है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूति का निपटान या लेन-देन करने या सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री, पट्टे या अन्यथा हस्तांतरण करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है।

**दिनांकः 21.08.2025, स्थानः गुना**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, जाना स्माल फायनेंस बैंक के लिए**